आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.01.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00 बजे

## स्थापना दिवस

भारतीय मौसम विभाग की स्थापना के 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस मौके पर दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की और मिशन मौसम का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, ये भारत में आधुनिक साइंस और टेक्नोलॉजी की भी यात्रा है। इधर मौसम विज्ञान केंद्र शिमला में भी स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्य सरकार के विशेष सचिव व पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु विभाग के निदेशक डीसी राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा अब पहले से कहीं अधिक सटीक और त्वरित जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही है जिससे बागवान और पर्यटन से जुड़े लोगों को लाभ हो रहा है। कार्यक्रम में मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि एक सौ 50 सालों में आईएमडी के नेटवर्क में वृद्धि हुई है और भविष्य में मौसम विभाग और भी स्टीक जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में गैर सरकारी संस्था 'नीडल लीफ फांऊडेशन –द सेवियर' द्वारा प्रदेश में कार्यान्वित की जाने वाली दो परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। संस्था द्वारा इन परियोजनाओं के माध्यम से वनों की आग के नियंत्रण और युवाओं में नशा निवारण व रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वन संरक्षण व वनों की आग को नियंत्रित करने के लिए बहुआयामी उपाय सुनिश्चित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों व नशीली दवाओं के दुरूपयोग के लिए व्यापक स्तर पर अभियान आरम्भ किया गया है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि संस्था के प्रयासों से सरकार द्वारा इस दिशा में किये जा रहे कार्यों को संबल मिलेगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के 2 साल के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की स्थिति चिंताजनक हो गई है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति खराब है और ईमानदारी से काम करने वाले ठेकेदारों की करोड़ों की देनदारियां लंबित हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में पिछले 2 सालों से ठेकेदारों की देनदारियां लंबित पड़ी है जिसका आंकड़ा एक हजार करोड़ तक पहुंच गया है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार वास्तविक स्थिति को छुपाने का प्रयास कर रही है। भाजपा संगठन में गुटबाजी के सवाल पर जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा संगठित है और मजबूत नेतृत्व के साथ काम कर रही है।

मकर संक्रांति

मकर सक्रान्ति का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्वालु पवित्र सरोवरों व नदियों में स्नान कर रहे हैं। शिमला और मंडी ज़िलों की सीमा पर स्थित धार्मिक स्थल तत्तापानी और कुल्लू जिले के मणिकर्ण व वशिष्ठ स्थित गर्म पानी के चश्मों के अलावा कांगड़ा जिले के महाकालेश्वर में ब्यास नदी में लोग डुबकी लगा रहे हैं। मकर सक्रांति के पर्व पर स्नान और तुलादान का विशेष महत्व रहता है। आज के दिन लोग तत्तापानी सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर हज़ारों की संख्या में तुलादान करवाते हैं।

---